भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या †1746

उत्तर देने की तारीख 10 मार्च, 2025
19 फाल्गुन, 1946 (शक)

सीकर जिले में खेल स्टेडियम

†1746. श्री अमरा रामः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का श्री कल्याण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीकर एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पलथाना में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की संख्या को देखते हुए सीकर जिले में खेल स्टेडियम बनाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इन विद्यालयों में राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल और हैंडबॉल के खिलाड़ी हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल स्टेडियमों के निर्माण सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार केवल महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत जिला सीकर में बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण नामक एक परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह परियोजना अब पूरी हो चुकी है।

(ग) और (घ) : माननीय संसद सदस्य द्वारा उल्लिखित विद्यालय इस मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं हैं। इसलिए, इस मंत्रालय में उससे संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं है।

****